Division of Labor Standards
Harriman State Office Campus
Building 12, Room 185B
Albany, NY 12226

WE ARE YOUR DOL

NEW YORK STATE OF OPPORTUNITY. | Department of Labor

www.labor.ny.gov

# दावा दायर करने के बारे में जानकारी

इसे ध्यानपूर्वक पढ़कर जानें कि क्या आपको श्रम मानकों के तहत दावा दायर करना चाहिए। भुगतान न किए गए वेतन, गैर-कानूनी कटौतियों, मजदूरी पूरकों, न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम के लिए किए गए काम, भोजन के लिए समय ना मिलने आदि के लिए LS 223 को पूरा करें।

- **यदि आप:**
  - यदि आप एक फार्म पर काम करते हैं, तो कृपया फॉर्म LS 710 को इस्तेमाल करके शिकायत दर्ज करें
  - वेतन इतिहास संबंधी शिकायत दर्ज करना चाहते हैं, तो कृपया फॉर्म LS 608.1 को इस्तेमाल करें
  - भुगतान इक्विटी शिकायत दर्ज करना चाहते हैं, कृपया फॉर्म LS 608.2 को इस्तेमाल करें

LS 223 अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है। न्यूयॉर्क स्टेट में काम करने वाला कोई भी व्यक्ति New York State Department of Labor (न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ लेबर) के पास शिकायत भेज सकता है। यदि यहां प्रदान की गई जानकारी से आपको अपने सवाल का जवाब नहीं मिलता है, तो (888) 469-7365 पर कॉल करें।

अपने भरे हुए फॉर्म को ऊपर दिए गए पते पर वापस भेज दें।

**श्रम मानक बकाया वेतन और रोजगार से जुड़े अन्य मुद्दों के बारे में कई प्रकार के दावों और शिकायतों को स्वीकारते हैं। उदाहरण के लिए, आप निम्नलिखित चीज़ें कर सकते हैं:**

- **भुगतान न किए गए वेतन के लिए दावा करें, यदि:**
  - आपके नियोक्ता ने आपको काम (जिसमें नौकरी पर दिया जाने वाला प्रशिक्षण भी शामिल है) के सभी घंटों के लिए भुगतान नहीं किया है
  - आपका भुगतान चेक "पर्याप्त धनराशि नहीं" (NSF) की वजह से बाउंस हो गया
  - आपको अपने सारे टिप्स नहीं मिले हैं
  - आपके भुगतान की दर को बिना किसी पूर्व सूचना के कम कर दिया गया है
- **गैर कानूनी कटौतियों के लिए दावा करें,** यदि आपका नियोक्ता:
  - आपकी तनख्वाह से वेतन काटता है
  - आपसे नुकसान के लिए शुल्क वसूलता है
  - सशुल्क पारिवारिक छुट्टी पर जाने के लिए आपसे आपके हिस्से से अधिक शुल्क लेता है
- यदि आपके नियोक्ता ने आपसे वादा किया था (मौखिक या लिखित रूप में), लेकिन निम्नलिखित **अर्जित** चीज़ें न दी हों, तो **भुगतान न की गई मजदूरी पूरकों** के लिए दावा करें:
  - अवकाश भुगतान
  - छुट्टी पर मिलने वाला भुगतान
  - बोनस

यदि नियोक्ता ने कभी भी वेतन पूरक का भुगतान करने का वादा नहीं किया है, तो कानूनी तौर पर उनके लिए भुगतान करना आवश्यक नहीं है।

- **भुगतान न किए गए मजदूरी पूरक** यदि आपके नियोक्ता पर आपका बकाया है (राज्य कानून के अनुसार), लेकिन उसने **अर्जित** चीज़ें नहीं दी**:**
  - बीमारी की छुट्टी का भुगतान
  - वेतन समता पूरक लाभ
  - घरेलू कर्मियों के लिए भुगतान करके काम से छुट्टी लेकर आराम करना
- **दावा–जोकि न्यूनतम मजदूरी/ओवरटाइम करने के भुगतान के लिए किया जाता है** यदि आपका नियोक्ता:
  - आपको वर्तमान न्यूनतम मजदूरी, फास्ट फूड न्यूनतम वेतन या टिप कर्मी न्यूनतम वेतन से कम भुगतान किया गया हो
  - एक सप्ताह में 40 घंटे से ज़्यादा काम करने पर ओवरटाइम वेतन की दर का भुगतान नहीं किया गया हो (अधिकांश कर्मचारियों को 40 घंटे से ज़्यादा काम करने पर समय और उनके वेतन की दर का ½ भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन यहाँ पर कुछ अपवाद भी हैं।)
- **अतिरिक्त न्यूनतम वेतन का दावा करें** यदि:
  - आपके नियोक्ता को आपकी अपनी वर्दी की सफाई के लिए अतिरिक्त भुगतान करना है
  - आप पर कॉल-इन भुगतान बकाया है
- आप पर अतिरिक्त भुगतान बकाया है क्योंकि आपका कार्यदिवस शुरुआत से आखिर तक 10 घंटे से अधिक का है
- **वेतन का भुगतान ना किए जाने की शिकायत करें**, यदि आपका नियोक्ता भोजन के लिए समय, आराम का दिन, भुगतान स्टब, भुगतान का नोटिस, वेतन का समय पर भुगतान प्रदान करने में विफल रहा है या शिकायत दर्ज़ करवाने के लिए आपके खिलाफ नकारात्मक कार्रवाई की है जोकि श्रम कानून से संबधित हैं
- **अपने दावे के समर्थन के लिए जानकारी भेजें** (यदि उपलब्ध हो), जैसे लाभ नीति की प्रतियां, भुगतान स्टब्स, रद्द किए गए चेक, वे चेक जिनका भुगतान नहीं किया गया, समय का रिकॉर्ड, आदि। (मूल दस्तावेज़ **न भेजें।**)

**आपको भाग 1 से 3 और 9 से 11 पूरा करना होगा। इसे भी पूरा करें:**

- भगुतान न किया गया वेतन और/या गैर कानूनी कटौती का दावा, भाग 4
- भुगतान न की गई बीमारी की छुट्टी, भाग 5
- भगुतान न किए गए वेतन सप्लीमेन्ट का दावा, भाग 6
- भगुतान न किए गए न्यूनतम वेतन या ओवरटाइम का दावा, भाग 7
- वेतन न मिलने की शिकायत, भाग 8

**दावे को दायर करने के बाद,** हम आपको 25-30 व्यावसायिक दिनों के अन्दर पत्र भेजेंगे जिसमें आपका केस नंबर और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सूचीबद्ध की गई होंगी। अपने केस नंबर लिखे हुए पत्र को रख लें। यदि नियोक्ता आपको बकाया राशि का भुगतान कर देता है या यदि आप अपना पता या फ़ोन नंबर बदलते हैं तो हमें तुरंत बताएं।

**श्रम मानक प्रत्येक दावे को स्वीकार नहीं कर सकते। श्रम मानक प्रत्येक दावे को स्वीकार नहीं करेंगे, यदि:**

- आपने न्यूयॉर्क राज्य के बाहर काम किया है
- आपने छोटे दावों या सिविल न्यायालय में अपना वेतन वसूलने के लिए कोई याचिका दायर की है
- आपने बिक्री पर कमीशन का दावा किया है।
- अपने खुद के व्यवसाय में लगे हुए थे या वाकई स्वतंत्र ठेकेदार थे
- किसी सरकारी एजेंसी, टाउन, काउंटी या शहर से वेतन बकाया है
- क्या आपके बकाया वेतन या पूरक अर्जित करने की तिथि से तीन वर्ष से अधिक समय से वेतन बकाया है
- किसी ऐसे वेतन या लाभ के लिए दावा कर रहे हैं जो संघ की शिकायत और मध्यस्थता प्रक्रिया के अधीन हो
- किसी नियोक्ता लाभ नीति के तहत आते हैं जो आपको किसी विशिष्ट कारण से अर्जित लाभ लेने से रोकती है (उदाहरण के तौर पर, बिना सूचना के नौकरी छोड़ना)
- उनका वेतन पूरक बकाया है, लेकिन उसे बकाया हुए अभी 30 दिन भी नहीं गुजरे हैं
- कार्यकारी, प्रशासनिक या पेशेवर कर्मचारी के तौर पर काम किया हो और प्रति सप्ताह 1300 डॉलर से अधिक कमाया हो
- सार्वजनिक कार्य किया हो (शिकायत करने के लिए PW4 को इस्तेमाल करें)

**श्रम मानक भेदभाव, पारिवारिक अवकाश लाभ प्रदान करने में विफलता, कार्य से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं या विकलांगता दावों को नहीं जाँचता है। अन्य राज्य एजेंसियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया (888) 469-7365 पर कॉल करें जो आपकी सहायता कर सकती हैं।**